**भारत सरकार**
**विदेश मंत्रालय**
**लोकसभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-742**
**दिनांक 07.02.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम समझौता

**742. श्री ए. राजाः**

क्या ***विदेश*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या इजराइल और हमास ने क्षेत्र में चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए युद्धविराम समझौता कर लिया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या मानवीय राहत पहुंचाने तथा गाजा पट्टी में घरों के पुनर्निर्माण और बुनियादी ढांचे की सुविधाओं के निर्माण पर ध्यान केंद्रित किए जाने की संभावना है;
(घ) यदि हां, तो भारत द्वारा फिलिस्तीन के लोगों के लिए क्या योगदान दिया जा रहा है; और
(ङ) उक्त देशों के बीच शांति प्रक्रिया की देखरेख करने वाले देशों और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**विदेश राज्य मंत्री**
**(श्री कीर्तवर्धन सिंह)**

(क) से (ङ) गाजा में बंधकों की रिहाई और युद्ध विराम के लिए दिनांक 15 जनवरी 2025 को एक करार की घोषणा की गई थी और यह 19 जनवरी 2025 को लागू हुआ। हमने इसका स्वागत किया और उम्मीद जताई कि इसके परिणामस्वरूप गाजा के लोगों को मानवीय सहायता की सुरक्षित और निरंतर आपूर्ति होगी। हमने सभी बंधकों की रिहाई, युद्ध विराम और बातचीत और कूटनीति के मार्ग पर लौटने के लिए अपने आह्वान को भी दोहराया है।

जानकारी के अनुसार, इस करार में 42-42 दिनों के तीन चरण शामिल हैं। पहले चरण में 33 इजरायली बंधकों की रिहाई शामिल है, जिनमें महिला नागरिक और सैनिक, बच्चे और 50 साल से अधिक उम्र के नागरिक शामिल हैं और इजरायल प्रत्येक बंधक नागरिक की एवज में 30 फिलिस्तीनी कैदियों और प्रत्येक महिला सैनिक की एवज में 50 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करेगा। इस चरण में सैन्य अभियानों का अस्थायी निलंबन शामिल है और इज़रायली सेनाएँ आबादी वाले क्षेत्रों से गाजा के किनारे की ओर प्रस्थान करेंगी, प्रतिदिन 600 ट्रकों के प्रवेश के साथ निरंतर और पर्याप्त मानवीय सहायता की आपूर्ति भी की जाएगी, जिसमें 50 ईंधन ट्रक और उत्तरी गाजा के लिए 300 ट्रक शामिल हैं, तथा विस्थापित फिलिस्तीनी अपने घरों को लौटना शुरू कर देंगे।

दूसरे चरण की रूपरेखा पर बातचीत पहले चरण के दौरान शुरू होगी और दूसरे चरण में सैन्य अभियानों और सभी शत्रुतापूर्ण गतिविधियों की स्थायी समाप्ति के साथ "स्थायी शांति" की घोषणा शामिल होगी। सभी शेष इज़रायली पुरुष बंधकों (नागरिकों और सैनिकों) को समझौते के आधार पर फ़िलिस्तीनी कैदियों की निश्चित संख्या के बदले में रिहा किया जाएगा और इज़रायली सेनाएँ गाजा से पूरी तरह से हट जाएंगी। तीसरे चरण में, पार्थिव अवशेषों का आदान-प्रदान किया जाएगा, गाजा में आने-जाने के लिए सीमाएं खोली जाएंगी और गाजा के लिए पुनर्निर्माण योजना का कार्यान्वयन शुरू होगा। इस समझौते की मध्यस्थता संयुक्त राज्य अमेरिका, मिस्र और कतर द्वारा की गई, जो इसके कार्यान्वयन की निगरानी भी करेंगे।

भारत फ़िलिस्तीन को क्षमता निर्माण, परियोजना सहायता और बजटीय सहायता के माध्यम से वित्तीय और विकासात्मक सहायता प्रदान करता है। भारत फिलिस्तीनियों को हर साल आईटीईसी कार्यक्रम के तहत विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण के लिए 168 स्लॉट और 50 आईसीसीआर छात्रवृत्ति प्रदान करता है।

पिछले कुछ वर्षों में फिलिस्तीन को भारत की विकास सहायता विभिन्न रूपों में लगभग 160 मिलियन अमरीकी डॉलर के निकट रही है। वर्तमान में, हम फिलिस्तीन के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए लगभग 40 मिलियन अमरीकी डॉलर की विकास परियोजनाओं में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। हमने 2002 से निकट पूर्व में फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) को सहायता के रूप में कुल 39.53 मिलियन अमरीकी डॉलर भी प्रदान किए हैं। 2018 में यूएनआरडब्ल्यूए में भारत के वार्षिक अंशदान में भारी वृद्धि हुई और यह 1.25 मिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर 5 मिलियन अमरीकी डॉलर हो गया और भारत 2020 में यूएनआरडब्ल्यूए के सलाहकार आयोग (एडकॉम) का सदस्य बन गया।

भारत द्विपक्षीय रूप से और यूएनआरडब्ल्यूए के माध्यम से भी फिलिस्तीनियों को मानवीय सहायता प्रदान करता है। गाजा में मानवीय संकट के दौरान, भारत ने 22 अक्टूबर और 19 नवंबर 2023 को दो किस्तों में 16.5 टन दवाइयों और चिकित्सा आपूर्ति सहित 70 टन मानवीय सहायता भी भेजी है, जिसकी कीमत लगभग 2 मिलियन अमेरिकी डॉलर है। अक्टूबर और नवंबर 2024 में, हमने 2.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक मूल्य की लगभग 65 टन कैंसर रोधी दवाइयाँ, आपातकालीन और जीवन रक्षक दवाइयाँ, सामान्य चिकित्सा वस्तुएँ भी भेजी हैं। दवाओं की सूची अनुबंध-I में दी गई है।

*****

**अनुबंध I**

| क्रं. संख्या | **फिलिस्तीन को भेजी जाने वाली दवाओं की सूची** |
|---|---|
| 1. | इबुप्रोफेन |
| 2. | एडालिम्यूमैब |
| 3. | एज़िथ्रोमाइसिन |
| 4. | 5- फ्लूरोरासिल |
| 5. | फुलवेस्ट्रेंट |
| 6. | बेवाकिज़ुमैब |
| 7. | बेवाकिज़ुमैब |
| 8. | बेंडामुस्टाइन |
| 9. | पेग एस्परगेज़ |
| 10. | डोसेटेक्सेल |
| 11. | जेमसिटाबाइन |
| 12. | विंक्रिस्टाइन सल्फेट |
| 13. | रासबुरीकेस |
| 14. | एबिरेटेरोन एसीटेट |
| 15. | एमियोडेरोन 1 |
| 16. | कैलामाइन +जिंकॉक्साइड |
| 17. | सक्सैमेथोनियम एचसीएल |
| 18. | वेक्यूरोनियम |
| 19. | बुडेनोसाइड + फॉर्मोटेरोल इनहेलर |
| 20. | बुडेनोसाइड इनहेलर |
| 21. | अल्फाकैल्सीडोल कैप |
| 22. | ग्लाइसिन 1 |
| 23. | अल्ट्रासाउंड जेल |
| 24. | साइट्रिक एसिड |

| | |
|---|---|
| 25. | क्लोपिडोग्रेल |
| 26. | लोराटाडाइन |
| 27. | नीडल 23 ग्राम |
| 28. | एलोप्यूरिनॉल |
| 29. | एमिट्रिप्टीलाइन टैबलेट |
| 30. | एमोक्सीसिलिन |
| 31. | एज़िथ्रोमाइसिन |
| 32. | एज़िथ्रोमाइसिन |
| 33. | कार्बामेज़ेपाइन |
| 34. | सेफ़ुरोक्साइम |
| 35. | डिपो मेड्रोक्सीप्रोजेस्टेरोन एसीटेट |
| 36. | डिगोक्सिन |
| 37. | फैमोटिडाइन |
| 38. | फ्लुकोनाज़ोल |
| 39. | फ्रूसेमाइड |
| 40. | हेलोपेरीडोल |
| 41. | इबुप्रोफेन |
| 42. | लोसार्टन पोटैशियम |
| 43. | मेटफॉर्मिन हाइड्रोक्लोराइड |
| 44. | मेथिलडोपा |
| 45. | मेट्रोनिडाजोल |
| 46. | माइकोनाजोल नाइट्रेट |
| 47. | पैरासिटामोल |
| 48. | प्रेडनिसोलोन |
| 49. | रिसपेरीडोन |
| 50. | सोडियम वैल्प्रोएट |
| 51. | जिंक सल्फेट |
| 52. | चिकित्सा उपकरण, चिकित्सा आपूर्ति और सर्जिकल किट |

*****